समस्त पत्र–व्यवहार रजिस्ट्रार, लखनऊ विश्वविद्यालय, को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं।

पत्र संख्या :.....................(सा0प्रशा0)/19
दिनांक :..........................

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ।

सेवा में,

समस्त् प्राचार्य/प्राचार्या
सम्बद्ध/सहयुक्त कालेज एवं महाविद्यालय,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः– पुस्तकालयों को लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के टैगोर पुस्तकालय के साफ्टवेयर से जोड़ने के सम्बन्ध में ।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के टैगोर पुस्तकालय में पुस्तकों में डेटाबेस बनाने हेतु पुस्तकालय प्रबन्धन साफ्टवेयर का प्रयोग किया जा रहा है जिसे लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध/सहयुक्त कालेज एवं महाविद्यालय के पुस्तकालयों को लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के टैगोर पुस्तकालय से जोड़ने हेतु कार्य किया जाना है।

अतः मा0 कुलपति महोदय के आदेश दिनांक 11.04.2019 के अनुपालन में आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त कार्य किये जाने हेतु पुस्तकालय प्रबन्धन साफ्टवेयर SOUL को Inflibnet Center Gandhi Nagar से नियमानुसार क्रय किये जाने हेतु अपने स्तर पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने का कष्ट करें। जिससे कि उक्त साफ्टवेयर से लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर पुस्तकालय को महाविद्यालय के पुस्तकालयों से जोड़ा जा सकें। समस्त महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय के संसाधनो का लाभ प्राप्त हो सके।

उक्त पर मा0 कुलपति महोदय का अनुमोदन है।

भवदीय,

(एस0 के0 शुक्ल)
कुलसचिव

संख्या: CD/246-51/19 दिनांक: 11/05/2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के सूचनार्थ ।
02. आशुलिपिक प्रति कुलपति, मा0 प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. अधिष्ठाता कालेज डेवलपमेन्ट काउन्सिल लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।,
04. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
05. उपकुलसचिव, सामान्य प्रशासन।
06. इंचार्ज, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करते हुए समस्त् प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध/सहयुक्त कालेज एवं महाविद्यालय को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करें।

B.mishra

उपकुलसचिव